तारीख
जो इस
तामील
हुआ

(3)

न्यायालय उप जिला कलेक्टर बौंली जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण मीना आर.ए.एस

वि0 प्रार्थना पत्र संख्या – 7/2020

शिवदयाल पुत्र गणपत जाति गुर्जर निवासी गूगडोद तहसील बौंली जिला सवाई माधोपुर

- ....प्रार्थीगण

बनाम

1. लैण्ड होल्डर तहसीलदार बौंली जिला सवाई माधोपुर

- ....अप्रार्थी

उपस्थित :— श्री राजमल जैन एडवोकेट प्रार्थी की ओर से

विविध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 सपठित

धारा 111 भू. राजस्व अधिनियम 1956 -

उप जिला कलेक्टर जिला सवाई माधोपुर

दिनांक...12...3.22

आदेश

प्रार्थीगण की ओर से यह प्रार्थना पत्र इस आशय का-दायर किया है कि ग्राम गूगडोद पटवार हल्का बपूई तहसील बौंली में अंकित खाता सं0 177 में अंकित खसरा नम्बर 1113 रकबा 0.1200 है0, खसरा नम्बर 1114 रकबा 0.1600 है0, कुल किता 2 कुल रकबा 0.2800 है0 भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि है। जिस पर प्रार्थी कब्जा काश्त चला आ रहा है। उक्त भूमि के आस पास अन्य कई लोगों की खातेदारी भूमि स्थित है। जो आये दिन उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने पर आमदा रहते है तथा सीमाबंदी करने में व्यवधान पैदा करते है। इस कारण काश्त करने में परेशानी पैदा होती है। अतः उक्त आराजीयात सीमाज्ञान कर पत्थरगढी करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। बाद तामिल उपस्थित नहीं। इस कारण एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये गये।

बहस प्रार्थी सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया। मुताबिक जमाबंदी उक्त आराजीयात प्रार्थीयान के खातेदारी की होना प्रथम दृष्टया सिद्ध पाया गया। ऐसी सूरत में

उप जिला कलेक्टर
बौंली जिला सवाई माधोपुर

उक्त आराजीयात का सीमाज्ञान खातेदार के हक सुरक्षित रखने हेतु ~~सीमाज्ञान~~ आवश्यक है। अतः हमारे विनम्र अभिमत में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार बौंली को निर्देश दिये जाते है कि उक्त आराजी खाता सं0 177 में अंकित खसरा नम्बर 1113 रकबा 0.1200 है0, खसरा नम्बर 1114 रकबा 0.1600 है0, कुल किता 2 कुल रकबा 0.2800 है0 पर अडोस–पडोस के खेतों में फसल सरसब्ज न होने पर अर्थात् पडोस से खेत खाली होने पर नियमानुसार सीमांकन कर पत्थरगढी करावें। पत्थरगढी का व्यय प्रार्थी स्वंय वहन करेगा। पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

(बद्री नारायण मीना)
उप जिला कलेक्टर
बौंली स.मा.
बौंली जिला सवाई माधोपुर

आदेश आज दिनांक 12.3.22 को खुले न्यायालय मे लिखवाया जाकर सुनाया गया

न्यायिक अधिकारी
तालुका विधिक सेवा समिति
सिविल न्यायाधीश एवं
न्यायिक मजिस्ट्रेट
बौंली जिला सवाई माधोपुर (राज.)

उप जिला कलेक्टर
बौंली स.मा.
बौंली जिला सवाई माधोपुर